## प्रेस नोट-जनपद सीतापुर

# थाना तालगांव पुलिस द्वारा चोरी की घटना का सफल अनावरण, 02 अभियुक्त गिरफ्तार; चोरी की 02 अदद बैटरियां व 01 अदद चार्जर बरामद

**दिनांक:-07.08.2026**

पुलिस अधीक्षक सीतापुर महोदय, श्री अंकुर अग्रवाल द्वारा जनपद में लूट/चोरी/नकबजनी की घटनाओं के शीघ्र अनावरण एवम् संलिप्त आपराधियों की गिरफ्तारी हेतु निर्देश दिये गये है।

दिये गये निर्देशो के अनुपालन के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी श्री आलोक सिंह के निकट पर्यवेक्षण एवम् क्षेत्राधिकारी लहरपुर श्री अभिषेक कुमार के नेतृत्व में थाना तालगांव पुलिस टीम द्वारा चोरी की घटना का सफल अनावरण करते हुए मु**0अ0सं0 213/2026 धारा 303(2) BNS से संबंधित** 02 अभियुक्तों को मोहम्मदीपुर पुलिया से सलेमपुर जाने वाले मार्ग से गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है।

### अभियुक्तगण का विवरण:

1. **अंबुज उर्फ विशनू** पुत्र लालजी, निवासी ग्राम सलेमपुर, थाना तालगांव, जनपद सीतापुर।
2. **पंकज** पुत्र जगन्नाथ, निवासी ग्राम सलेमपुर, थाना तालगांव, जनपद सीतापुर ।

### पूछताछ एवं बरामदगी:

पूछताछ में अभियुक्तों ने स्वीकार किया कि दिनांक 05.08.2026 की रात्रि मोहम्मदीपुर नहर के पास उन्होंने एक ई-रिक्शा चालक को बातों में उलझाकर शराब पिलाई और मौका पाकर ई-रिक्शा की 02 बैटरियां व चार्जर चोरी कर झाड़ियों में छिपा दिया था।

### अभियुक्तगण की निशानदेही पर समय करीब 02:01 बजे झाड़ियों से चोरी की गई निम्न सामग्री बरामद की गई:

- **02 अदद बैटरियां** (EASTMAN PREMIUM++)
- **01 अदद ई-रिक्शा चार्जर** (OXIOM)

बरामदगी के आधार पर अभियोग उपरोक्त में **धारा 317(2) BNS** की बढ़ोत्तरी की गई है। अभियुक्तगण का चालान माननीय न्यायालय किया जा रहा है।

**पुलिस टीम (थाना तालगांव, सीतापुर):**

1. प्र0नि0 श्री अनूप कुमार शुक्ला
2. उ0नि0 रामजीराम
3. हे0का0 आशीष तिवारी
4. हे0का0 अवनीश शर्मा
5. का0 राहुल भारती

